बी.एच.डी.एफ.-101

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

34545

दिसम्बर, 2014

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

1. निम्नलिखित कहावतों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए : *5*

   (क) जिसकी लाठी उसकी भैंस

   (ख) होनहार बिरवान के होत चिकने पात

2. निम्नलिखित शब्दों के मेल से बनने वाले शब्द लिखिए : *5*

   (क) उत् + वेग

   (ख) उत् + घाटन

   (ग) उत् + ज्वल

   (घ) उत् + लास

   (ङ) सत् + गति

3. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*

(क) नौकरीपेशा नारी की समस्याएँ

(ख) साहित्य समाज का दर्पण है

(ग) सामाजिक परिवर्तन में साहित्य की भूमिका

(घ) एकल परिवार से उत्पन्न समस्याएँ

4. औपचारिक पत्र तथा अनौपचारिक पत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए । *5*

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *10*

मनुष्य द्वारा प्रकृति में किया गया हस्तक्षेप पारिस्थितिक असंतुलन को उत्पन्न करता है । कई बार एक क्षेत्र की रक्षा के लिए किया गया प्रयत्न नए तरह के असंतुलन को उत्पन्न कर देता है । रासायनिक पदार्थों की सहायता से एक बड़े क्षेत्र में कृषि के हानिकारक कीट-पतंगों को नष्ट करना और उन्हीं के साथ ढेरों अन्य कीड़ों और छोटे जानवरों को नष्ट करने की प्रक्रिया में नए तरह का पारिस्थितिकी असंतुलन पैदा हो सकता है, जो कृषि को अधिक नुकसान पहुँचा सकता है । कई बार प्रदूषण भी प्राणियों या पौधों की सारी जाति में बीमारी उत्पन्न कर देता है, उनकी संख्या घटा देता है अथवा नाश कर देता है ।

इसका परिणाम किसी अन्य जाति के तेज़ी से प्रजनन में भी निकल सकता है और ह्रास में भी ।

(क) कृषि को अधिक नुकसान कैसे पहुँचता है ?

(ख) पारिस्थितिक असंतुलन कैसे उत्पन्न होता है ?

(ग) प्रदूषण से क्या नुकसान होता है ?

(घ) कृषि के हानिकारक कीट-पतंगों के साथ अन्य कीड़ों को नष्ट करने से क्या फ़र्क पड़ता है ?

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का आशय लगभग 200 शब्दों में लिखिए : *5*

(क) निरगुन कौन देस को बासी
मधुकर कहि समुझाइ सौंह दै, बूझत साँच न हाँसी ।।
को है जनक, कौन है जननी, कौन नारि, को दासी ।
कैसो बरन भेस है कैसो, केहि रस में अभिलासी ।।
पावैगों पुनि कियो आपनो जो रे, कहैगो गाँसी ।
सुनत मौन ह्वै रह्यौ ठग्यो सो सूर सबै मति नासी ।।

(ख) अगले रोज़ डरते-डरते मैं स्कूल पहुँचा, डरा-डरा कक्षा में बैठा रहा, हर क्षण लगता था अब आया हेडमास्टर .... अब आया । जरा-सी आहट पर दिल घबराने लगता था । उसके बाद स्थिति सामान्य हो गई थी । लेकिन कलीराम हेडमास्टर को देखते ही मेरी रूह काँप जाती थी । लगता, जैसे सामने से मास्टर नहीं कोई जंगली सूअर थूथनी उठाए चिंचियाता चला आ रहा है ।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'जूठन' की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'पूस की रात' कहानी के प्रमुख पात्र की विशेषताएँ बताइए ।

(ग) 'सबसे बड़ा सवाल' शीर्षक के मूल आशय को स्पष्ट करते हुए उसकी सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(घ) 'जीने की कला' निबंध के प्रतिपाद्य पर अपनी राय स्पष्ट कीजिए ।